# वर्ष की प्रमुख घटनाएँ

## भाफिटेसं, पुणे और सरेफिटेसं, कोलकाता में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा

- पहली बार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान, ( भाफ़िटेसं ) पुणे और सत्यजित रे फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान, ( सरेफ़िटेसं ) कोलकाता, दोनों संस्थानों में संयुक्त प्रवेश परीक्षा ( जेईटी ) के आधार पर प्रवेश लिये गये।
- दिनांक 18.02.2018 को देश भर में 21 केन्द्रों पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा ( जेईटी ) आयोजित की गयी। दोनों संस्थानों ने फ़िल्म और टीवी के लिए परीक्षा संचालित की।
- प्रवेश प्रक्रिया ऑन लाइन थी और दिसम्बर, 2017 में प्रत्येक विशेषज्ञता में प्रत्येक संस्थान द्वारा दी गयी सीटों की संख्या को संयुक्त प्रवेश परीक्षा ( जेईटी ) पोर्टल पर घोषित किया गया था।

## फ़िल्म शिक्षा का लोकतंत्रीकरण - स्किफ्ट पहल

- भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान, पुणे ( भाफिटेसं ) में स्कीलिंग इंडिया इन फ़िल्म और टेलीविज़न ( स्किफ्ट ) की नई पहल के द्वारा राज्य सरकारों / विश्वविद्यालयों / शैक्षिक संस्थानों के सहयोग से देश भर में किफायती और सुलभ गुणवत्ता सिनेमा साक्षरता प्रदान करने के लिए अल्पावधि पाठ्यक्रम प्रारंभ किये ।
- मुबंई में निम्नलिखित अल्पावधि पाठ्यक्रमों के साथ मई, 2017 में स्किफ्ट पहल आंरभ हुई :-
- स्क्रीन अभिनय में प्रांरभिक पाठ्यक्रम
- पटकथा लेखन में प्रांरभिक पाठ्यक्रम
- फ़िल्म रसास्वादन
- 45 पाठ्यक्रम जैसे फ़िल्म रसास्वादन , स्क्रीन अभिनय , पटकथालेखन , डिजिटल चलचित्रांकन और टेलीविज़न के लिए कथा लेखन संचालित किये, 2430 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।

## भाफिटेसं छात्र फ़िल्म - कांस फ़िल्म समारोह में केवल भारतीय प्रविष्टि

**कांस फ़िल्म समारोह 2017 में स्क्रीनिंग के लिए सुश्री पायल कपाडिया द्वारा निर्देशित भाफिटेसं डायलॉग फ़िल्म आफ्टरनून क्लाऊड्स को चुना गया था - एकमात्र भारतीय प्रविष्टि।**

# भाफिटेसं फ़िल्म के लिए राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार

श्री अभिजीत खुमान द्वारा निर्देशित टीवी स्कंध, फाइनल कथा फ़िल्म **कल्पवृक्ष** ने गैर - फीचर फ़िल्म की श्रेणी में इलेक्ट्रॉनिक चलचित्रांकन के छात्र श्री अल्पेश नागर ने, सर्वोत्तम चलचित्रांकन के लिए प्रतिष्ठत रजत कमल पुरस्कार जीता। कलात्मक कैमरे की कला के माध्यम से कथा के रहस्यमयी सौंदर्य को सजीव करने के लिए रजत कमल और रू. 50,000/- नकद राशि प्रदान की गयी है। "

लंबे प्रारूप के कथा कथन लिए इंडस्ट्री की बढ़ती हुई मांगाँ के अनुरूप ( जुलाई – नवंबर , 2017 ) में टेलीविज़न के लिए कथा कथन का पाँच महीनों का पाठ्यक्रम प्रारंभ हुआ। छात्रों का दूसरा बैच अगस्त, 2018 में पास हुआ।

3 महीनों का **वीएफएक्स** पाठ्यकम ( दिनांक 18.09.2017 से 08.12.2017 तक ) , जिसका डिजाइन फ़िल्म और टेलीविज़न के लिए **वीएफएक्स के मौलिक सिद्धांतों** में इंडस्ट्री की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया गया था,संचालित किया गया।

पहली बार रा.फि.सं. के सहयोग से **15 दिनों का ( दिनांक 09.12.2017 से 23.12. 2017 तक ) पूर्णकालीन फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम का शीतकालीन संस्करण** प्रारम्भ किया।

# भाफ़िटेसं ने पहली बार पुणे और नई दिल्ली में सप्ताहांत फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम  का आरंभ किया :

कार्यरत व्यावसायियों के लिए फ़िल्म रसास्वादन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पहली बार सप्ताहांत  फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम संचालित किया गया।

दोनों पाठ्यक्रम दिनांक 28.10.2017 से 26.11.2017 तक 5 सप्ताहांत ( शानिवार - रविवार) चलें।
भाफ़िटेसं  कैम्पस  में पाठ्यक्रम के लिए 170 से अधिक प्रतिभागियों का नामांकन किया गया।
नई  दिल्ली  में पाठ्यक्रम के लिए 120 से अधिक प्रतिभागियों ने नामांकन किया।

# भाफ़िटेसं ने दीपावली की  छुट्टियों  में बच्चों के लिए कैम्पस में कार्यशालाओं का आयोजन किया  :

7 दिनों  का  प्रारंभिक ( बेसिक )  फ़िल्म निर्माण कार्यशाला जो दिनांक 10-16 अक्तूबर,2017 तथा दिनांक 23-29 अक्तूबर ,2017 तक  की  अवधि के दौरान 10-16 तक की आयु के 26 छात्रों  के लिए आयोजित  की गयी थी।

15 दिनों  की  प्रारंभिक ( बेसिक ) अभिनय कार्यशाला जो दिनांक  13- 28 अक्तूबर,2017 की अवधि के दौरान दो आयु ग्रुप 7-10 वर्ष और 11-15 वर्ष के 20 प्रतिभागियों के साथ  आयोजित की गयी थी।

# आऊटरीच में सुधार: भाफ़िटेसं ओपन डेज

लोगों को फ़िल्म निर्माण प्रक्रिया , संरचना और संस्थान की समृद्ध विरासत को जानने में सक्षम बनाने की एक पहल के रूप में भाफ़िटेसं के द्वारा मार्च और अगस्त, 2018 में दो ओपन डे आयोजित किये गये। भाफ़िटेसं के स्टाफ और संकाय सदस्यों ने 4000 से अधिक आये व्यक्तियों की सहायता कर पुणे के समुदाय के बीच एक सेतु बनाया।

**भाफ़िटेसं का भारत में पहला डिजिटल सिनेमॅटोग्राफी अल्पावधि पाठ्यक्रम दिनांक 12.07.2017 से 03.08.2017 तक पोर्ट ब्लेयर में ( अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ) में संचालित किया गया।स्किफ्ट पहल के अंतर्गत 3 सप्ताहों के फाउंडेशन कोर्स में 24 प्रतिभागी थे।**

- कश्मीर घाटी में पहली बार इस तरह का , फ़िल्म रसास्वादन (फ़ि र ) पाठ्यक्रम, श्रीनगर में आयोजित किया गया। कश्मीर के विश्वविद्यालय के मीडिया एज्युकेशन रिसर्च सेंटर(एम ई आर सी ) के सहयोग से आयोजित इस 5-दिवसीय कार्यक्रम में 100 प्रतिभागी थे जिन्होंने फ़िल्मों को देखने और समझने के मौलिक सिद्धांतों और उनके सिनेमॅटिक अनुभव को विस्तार दिया।

# भाफ़िटेसं में वी.के.मूर्ति समारोह

भारतीय सिनेमा के महान विद्वान और प्रसिद्ध सिनेमॅटोग्राफर श्री वी.के.मूर्ति की तीसरी पुण्यतिथि पर दिनांक 7 से 9 अप्रैल,2017 तक के अवसर में एक तीन दिवसीय समारोह आयोजित किया गया। श्री वी.के.मूर्ति को 2008 में दादासाहेब फाळके पुरस्कार प्रदान किया गया था , वे गुरू दत्त की आर-पार, प्यासा जैसी फ़िल्मों की मंत्रमुग्ध करने वाली कृष्ण और धवल तथा शिकार , लव इन टोकियो, जुगनू एवं बहुत सी फ़िल्मों के चलचित्रांकन के लिए जाने जाते हैं।

# भाफिटेसं ने पदार्पण प्रांरभ किया : महत्वपूर्ण मील के पत्थर 5 अगस्त,2017 से भाफिटेसं छात्र फ़िल्मों की मासिक सार्वजनिक स्क्रीनिंग

- इस पहल के अंतर्गत , सामान्य जनता को भाफिटेसं के छात्रों के काम को देखने और उसका रसास्वादन लेने का अवसर प्रदान करने के लिए भाफिटेसं के पूर्व और वर्तमान छात्रों की पुरानी तथा नयी फ़िल्मों की स्क्रीनिंग की गयी।
- श्री शुत्रघ्न सिन्हा , सांसद और भाफ़िटेसं के पूर्व छात्र द्वारा इस पहल का उद् घाटन किया गया। छः फिल्मों के पैकेज में उनकी फ़िल्म " एन एंग्री यंग मैन " की भी स्क्रीनिंग की गयी थी।
- भाफ़िटेसं ने दिनांक 16 सितंबर, 2017 को " पर्दापण - महत्वपूर्ण मील के पत्थर (मोमेंटस माइलस्टोन्स) " के दूसरे संस्करण (एडिशन ),भाफ़िटेसं छात्रों की पदविका फ़िल्मों और प्रोजेक्ट फ़िल्मों की स्क्रीनिंग की गयी थी। इस कार्यक्रम में फ़िल्म और टेलीविज़न अभिनेता और भाफ़िटेसं के पूर्व छात्र श्री राकेश बेदी की जानी-मानी फ़िल्म " एंड ऑफ़ द गेम " दिखाई गयी। जिसमें श्री बेदी ने 1976 में भाफ़िटेसं छात्र के रूप में कार्य किया।
- भाफ़िटेसं ने 28 अक्टूबर 2017 को पर्दापण के तीसरे संस्करण (एडिशन ) का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में फ़िल्म और टेलीविज़न की अभिनेत्री और भाफिटेसं की पूर्व छात्रा सुश्री रामेश्वरी की जानी-मानी फ़िल्म दिखाई गयी।
-

# " गुरू वंदना " तथा अभिनय गुरू श्री रोशन तनेजा का आत्मचरित्र " मोमेंटस ऑफ ट्रुथ : माय लाइफ विद एक्टिंग का विमोचन "

दिनांक 3 जून , 2017 को भाफिटेसं में यह समय पुरानी यादों को ताज़ा करने का था, जब 20 वर्ष पूर्व के अभिनेता ( रिटा भादुरी,झरीना वहाब,सतीश शाह, मुकेश खन्ना, रज़ा मुराद, अनिल धवन, चंद्र मोहन खन्ना , आदिल अमान, बेंजामिन गिलानी, रमा विज, रामेश्वरी और कंवलजीत सिंह ) और सुप्रसिद्ध अभिनय गुरू श्री रोशन तनेजा के छात्र, श्री तनेजा के बहु-प्रतिक्षित आत्मचरित्र " मोमेंटस ऑफ ट्रुथ : माय लाइफ विद एक्टिंग " का विमोचन के लिए एकत्रित हुए थे। यह विशेष कार्यक्रम श्री रोशन तनेजा , जो भाफिटेसं से जुडे हुए थे और वर्ष 1966 से 1978 तक संस्थान के अभिनय विभाग के अध्यक्ष थे, को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया था।

# भाफ़िटेस ने हषिकेश मुखर्जी के 95 वें जन्मदिवस पर " स्मरणांजली " द्वारा उन्हें याद किया

दिनांक 30 सितम्बर, 2017 को भाफिटेसं के मेन थिएटर में उनकी फ़िल्मों की विशेष स्क्रीनिंग की गयी और उन के कार्यों के संबंध में चर्चा की गयी और कार्यक्रम का उद् घाटन सुप्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता और भाफिटेसं के पूर्व छात्र कुंदन शाह के द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में महबूब खान पूर्व संकायाध्यक्ष (फ़िल्म ) , भाफिटेसं, श्री योगेश माथुर, पूर्व विभागाध्यक्ष संपादन, भाफिटेसं , जिन्होंने आदर्श फ़िल्म संपादक और फ़िल्म निर्माता के विषय में अपने विचार व्यक्त किये।

# भाफिटेसं छात्र फ़िल्मों को पुरस्कार :

21 वाँ लुनार्टिस अन्तर्राष्ट्रीय वीडियो समारोह विडियोमेडेजा, सेर्बिया में पायल कपाड़िया द्वारा निर्देशित आफ्टरनून क्लाउडस ने फ़िल्म निर्माण के दोनों तकनीक और कलात्माक गुणवत्ता के लिए सर्वश्रेष्ठ ग्रेजुएट फ़िल्म पुरस्कार जीता। इस फ़िल्म को 5 वाँ एकदेशम अन्तर्राष्ट्रीय लघु फ़िल्म समारोह, नेपाल में स्क्रीनिंग के लिए चयन किया गया और 12 वें एडिशन समारोह अन्तर्राष्ट्रीय दे सिनेमा फेमिनीनो, महिला फ़िल्म समारोह, फेमिना , ब्राजील , 2017 में आंमित्रत किया गया।

भाफ़िटेसं टीवी छात्र श्री विजय सिंह द्वारा निर्देशित फाइनल कथा फ़िल्म अंधेरे में ने 16 वें एडिशन का इमेजिनइंडिया अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, मैड्रिड,स्पेन में लघु फ़िल्म के लिए विशेष उल्लेख पुरस्कार जीता।

## निम्नलिखित भाफ़िटेसं छात्रों की फ़िल्में की बिजिंग फ़िल्म अकादमी (आईएसएफवीएफ) , चीन के 16 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय छात्र फ़िल्म और विडियो समारोह में विशेष स्क्रीनिंग कार्यक्रम के दौरान स्क्रीनिंग की गयी।

| क्र.सं. | शीर्षक | निर्देशक |
|---|---|---|
| 1 | शाम रात सेहर | अरुणिमा शर्मा |
| 2 | सदाबाहर ब्रॉस बैंड | तुषार मोरे |
| 3 | सखीसोना | प्रंतीक बासु |
| 4 | आफ्टरनून क्लाउडस | पायल कपाड़िया |
| 5 | बाय लने साग | रंजीत नायर |
| 6 | ए बीस्ट कॉल्ड ब्यूटी | अकांक्षा चितकारा |
| 7 | अन्शेड्यूल्स अराइवल्स | विजया सिंह |
| 8 | ए हैरी टेल | शिवांगी मित्तल |
| 9 | द विच | रबीयत ओसेवा |
| 10 | चिठ्ठी | सुल्गना घोष |

**अन्तर्राष्ट्रीय समारोह डे सिने फ़िल्म मैड्रिड, स्पेन के आधिकारिक प्रतियोगिता ( ऑफिशयल कम्पटीशियन ) में भाफ़िटेसं छात्रों की दो फ़िल्मों का चयन किया गया।**

- प्रांतिक बासु द्वारा निर्देशित सखीसोना
- पायल कपाड़िया द्वारा निर्देशित आफ्टरनून क्लाउड्स

# नए छात्रों के लिए 2 दिवसीय कार्यशाला - ''एक नए आदर्श का निर्माण ''

- भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान ( भाफिटेसं ) ने समग्र शिक्षा की संकल्पना पर आधारित दो दिनों के एक असामान्य कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें 2017 और 2018 बैच के छात्र उपस्थित रहें। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फ़िल्म निर्माता और प्रेरक वक्ता, भाफिटेसं की पूर्व छात्रा सुश्री अरूणा राजे ने कार्यशाला का संचालन किया। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को उनके लिए क्या महत्वपूर्ण है और संबंध बनाने तथा पोषित करने के लिए सशक्त बनाना था।

# भाफ़िटेसं अभिनय विभाग के छात्रों द्वारा महापुर और रक्त पुष्प नाटकों का प्रस्तुतिकरण :

भाफ़िटेसं अभिनय विभाग के छात्रों (2016 बैच) ने प्रसिद्ध नाटककार श्री सतीश आळेकर के " महापुर " (डेल्यूज) और प्रसिद्ध नाटककार श्री महेश एलकुंचवार के " रक्त पुष्प " नाटक भाफ़िटेसं में प्रस्तुत किये। इन नाटकों को सुप्रसिद्ध थियेटर निर्देशक अनिरुद्ध खुट्वड द्वारा निर्देशित किया गया था। इस अवसर पर, भाफ़िटेसं ने श्री आळेकर को थिएटर में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह :

- भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान ( भाफिटेसं ) में भारत के 71 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया था। प्रतिभागियों ने भाफ़िटेसं के मेन गेट पर"अमर जवान ज्योति" की प्रतिकृति आस्थापना द्वारा जिन शहीदों ने हमारे देश के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया उनको भी याद किया , प्रतिकृति का 25 अगस्त, 2017 तक सार्वजनिक प्रदर्शन किया गया, जहां बड़ी संख्या में पुणेकर ने सशस्त्रों सेना को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# स्वच्छता दिवस अर्थात् स्वच्छता ही सेवा कैम्पिंग :

- स्टाफ सदस्य, संकाय सदस्य और छात्र, हर महीने के पहले शुक्रवार को सफाई अभियान में भाग लेते हैं। परिसर और उसके आसपास स्वच्छता रखने के लिए दिनांक 29 सितम्बर, 2017 को संकाय सदस्यों, स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने ' स्वच्छता ही सेवा ' शपथ ली। इस अवसर पर भाफ़िटेसं आवासीय कॉलोनी में **वृक्षारोपण कार्यक्रम** भी आयोजित किया गया।

# हिंदी पखवाड़ा - 2017

हिंदी दिवस / हिंदी पखवाड़े का उद् घाटन 14 सितंबर, 2017 को भाफ़िटेसं में किया गया।

# अन्य विविध प्रमुख घटनाएँ :

- भाफ़िटेसं और महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय , बिहार (एमजीसीयूबी) ने फ़िल्म, टीवी और जनसंचार ( मास मीडिया ) के स्कूल की स्थापना में अकादमिक और व्यावसायिक सहयोग के लिए समझौते ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।
- भाफ़िटेसं ने महाराष्ट्र सुमद्री बोर्ड (एमएमबी) के साथ महाराष्ट्र समुद्री क्षेत्रों में भाफ़िटेसं छात्रों के प्रोजेक्टों की शूटिंग का समर्थन करने और महाराष्ट्र सुमद्री बोर्ड ( एमएमबी ) के साथ आउटरीच प्रोजेक्ट के लिए समझौते ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ।
- भाफ़िटेसं में आंबेडकर जयंती उत्सव : भारत रत्न डॉ बी. आर. आंबेडकर के 126 वें जयंती को भाफ़िटेसं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके मनायी गयी थी।
- ' सशस्त्र सेना ध्वज दिवस ' के उपलक्ष्य में, भाफ़िटेसं संकाय सदस्यों, स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने दिनांक 7 दिसंबर, 2017 को सुबह 11.00 बजे दो मिनट का मौन रखा। सांप्रदायिक सद् भाव को खंडित करने वाली सांप्रदायिक जातीय, आतंकवादी हिंसा और संघर्ष के किसी अन्य रूप के कारण पीड़ितों के पुनर्वसन के लिए भाफ़िटेसं के छात्रों और कर्मचारियों ने कुल 5,910 / - की राशि जमा की।
- भाफ़िटेसं ने गोवा में भारत के 48 वें अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह (आईएफएफआई) पणजी, गोवा में अपनी त्रैमासिक शैक्षणिक पत्रिका लेंससाइट का एक विशेष अंक जारी किया। सुभाष घई , प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता और भाफ़िटेसं के पूर्व छात्र ने फ़िल्म और मीडिया पर प्रतिष्ठित पत्रिका ( जर्नल ) के अक्तूबर-दिसंबर, 2017 अंक का प्रकाशन किया , जो विगत 26 सालों से विद्वतापूर्ण विषयों के लिए प्रतिष्ठित है।
- 'ड्रीम स्पेस' पर आधारित पुणे डिजाइन एक्सपो, इशान्या, पुणे में भाफ़िटेसं के स्टॉल का और आस्थापना का उद् घाटन , सुप्रसिद्ध श्री सुदर्शन धीर ( हिन्दुस्तान पेट्रोलियम टाइटन, किसान) के निर्माता,के द्वारा संपन्न हुआ।
- भाफ़िटेसं ने जर्मनी से फ़िल्मएकेडमी बडेन-वुएटेमबर्ग (एफएबीडब्ल्यू) के साथ एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों संस्थानों के बीच शिक्षण और अनुसंधान अनुभव में अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक सहयोग और विनिमय को बढ़ावा देने के लिए समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। समझौते पर 5 साल की अवधि के लिए हस्ताक्षर किए गए हैं। फ़िल्मएकेडमी बडेन-वुएटेमबर्ग (एफएबीडब्लू) के प्रतिनिधियों ने फरवरी के पहले सप्ताह में भाफ़िटेसं का दौरा किया और एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

**भाफ़िटेसं ने निम्नलिखित क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए बिजिंग फिल्म अकादमी, चीन के साथ समझौता ज्ञापन ( एमओयू )पर हस्ताक्षर किए :**

- संकाय सदस्यों का विनिमय।
- छात्रों और / या छात्र कार्यों का विनिमय।
- संयुक्त अनुसंधान और विकास प्रोजेक्ट।
- संयुक्त सम्मेलन और परामर्श।
- संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम।

## भाफ़िटेसं ने 5 से 8 मार्च 2018 के दौरान महिला सप्ताह मनाया।

इस कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों के लिए इंडोर गेम्स, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्याख्यान शामिल थे। समारोह का उद्घाटन पुणे के आयुक्त श्रीमती रश्मी शुक्ला के हाथों से किया गया था। सुश्री अरुणा राजे पाटिल, (5 बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फ़िल्म निर्माता और भाफ़िटेसं की पूर्व छात्रा ) को भाफ़िटेसं द्वारा सम्मानित किया गया था। समापन समारोह में सुश्री अंजुली शुक्ला, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सिनेमोटोग्राफर को भाफ़िटेसं द्वारा सम्मानित किया गया था।

## भाफ़िटेसं ने 20 मार्च, 2018 को अपना 58 वां फाउंडेशन दिवस मनाया।

बॉम्बे सैपर्स के रेजिमेंटल जज्ज़ बैंड (इंडिया आर्मी के बॉम्बे इंजीनियर्स ग्रुप) ने संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया और दर्शकों को उत्साहित किया। मेन थिएटर में, प्रसिद्ध सिनेमोटोग्राफर और भाफ़िटेसं पूर्व छात्र, प्रो. मजहर कामरान की लघु फ़िल्म " फोटोग्राफर " की स्क्रीनिंग की गयी। इसके पश्चात भाफ़िटेसं 2012 बैच निर्देशन की छात्रा सुश्री पायल कपाडिया की ड्राक्यमेंट्री "एण्ड वट इज समर सेइंग " की स्क्रीनिंग की गयी। इस अवसर पर प्रोफेसर मज़हर कामरान और सुश्री पायल कपाडिया और उनके समूह को सम्मानित किया गया।

## भाफ़िटेसं ने12 जनवरी,2018 को राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) मनाया।

स्वामी विवेकानंद की मूर्ति के साथ विवेकानंद मेमोरियल की एक प्रतिकृति भाफ़िटेस के मेन गेट पर स्थापित की गई थी। सुश्री अफसान असीक, जम्मू-कश्मीर महिला फुटबाल टीम की कप्तान, जो वर्तमान में पिफा-कोलाबा (मुंबई) के लिए गोलकीपर के रूप में खेल रही हैं, ने शुक्रवार, 12 जनवरी, 2018 को विवेकानंद रॉक मेमोरियल डिस्प्ले का उद् घाटन किया। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन, पुणे से स्वामी कृपाघाननंदा भी मौजूद थे।

## भाफ़िटेसं ने " स्मरणांजलि " के माध्यम से स्वर्गीय श्री मंगेश देसाई (प्रथम और पूर्व-विभागाध्यक्ष, ध्वनि) को याद किया।

उनकी फ़िल्मों की स्क्रीनिंग और उनके कार्य के विषय में चर्चा का कार्यक्रम दिनांक 25 नवम्बर, 2017 को भाफ़िटेसं के मेन थिएटर में आयोजित किया गया।

******************

# अध्याय - I

भारतीय फ़िल्म संस्थान स्थापना सन् 1960 में की गई थी। सन् 1974 में टीवी स्कन्ध जुड़ने के पश्चात संस्थान का पुन: नामांकन कर भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान रखा गया और अक्तूबर, 1974 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत सोसायटी के रूप में पंजीकृत किया गया । भाफ़िटेसं सोसायटी में फ़िल्म, टेलीविज़न, संचार, संस्कृति से संबंधित प्रतिष्ठित व्यक्तियों , संस्थान के पूर्व छात्रों और पदेन सरकारी सदस्यों को सम्मिलित किया जाता है और उस पर शासी परिषद का नियंत्रण है, जिसके वर्तमान अध्यक्ष में अभिनेता अनुपम खेर है।

संस्थान के दो स्कन्ध हैं - फ़िल्म और टेलीविज़न स्कन्ध और जो फ़िल्म और टेलीविज़न दोनों में पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों में निर्देशन, चलचित्रांकन, ध्वनि मुद्रण और ध्वनि संरचना, संपादन तथा कला निर्देशन और निर्माण संरचना में स्नातकोत्तर पदविका मूलक पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। संस्थान द्वारा अभिनय में द्वि वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम,फीचर फिल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। टेलीविज़न पाठ्यक्रमों में टेलीविज़न विशेषज्ञता के साथ निर्देशन, इलेक्ट्रॉनिक चलचित्रांकन,विडियो संपादन,ध्वनि मुद्रण और टीवी अभियांत्रिकी में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं।

**************

# फ़िल्म समारोह में सहभाग

- 14 वाँ एडिशन नहल छात्र लघु फ़िल्म समारोह, ईरान ( 23-29 मई, 2017 ).
- बफ्टाअस यूएस छात्र फ़िल्म पुरस्कार, केनसिंगटोन, लंदन ( 22 जून, 2017 ).
- केरला का 10 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री और शॉर्ट फ़िल्म समारोह, ( 30 जून से 4 जुलाई, 2017 ).
- 7 वाँ एडिशन पोस्तारिया सीसाइड फ़िल्म समारोह, पोस्तारिया, क्रोएशिया (26 से 30 जुलाई, 2017 ).
- 15 वाँ पैसिफिक मेरीडियन, व्लादिवोस्टोक , रूस में एशियन पैसिफिक देशों का अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, ( 9 से 15 सितम्बर, 2017 ).
- 11 वाँ सिग्नस एडिशन - जॉन अब्राहम राष्ट्रीय पुरस्कार कोच्चि , केरला के लिए डॉक्यूमेंट्री और शॉर्ट फीचर का भारतीय समारोह, ( 16 से 20 सितम्बर, 2017 )
- 21 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय विडियो समारोह विडियोमेडेजा, सेर्बिया ( 22 से 24 सितम्बर, 2017 ) एकेडमी ऑफ मोशन पिचर आर्ट्स एण्ड साइंस के द्वारा छात्र अकादमी पुरस्कार, कैलिफोर्निया, यू.एस.ए. ( 12 अक्तूबर, 2017 )
- 22 वाँ भूसेन अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, भूसेन, कोरिया ( 12 से 21 अक्तूबर, 2017 )
- 26 वाँ फिलाडेल्फ़िया फ़िल्म समारोह, यू.एस. ( 19 से 29 अक्तूबर, 2017 )
- 15 वाँ टोफ़िफ़ेस्त अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, पोलेण्ड( 21 से 29 अक्तूबर, 2017 )
- वीजिंग फ़िल्म अकादमी ( आईएसएफवीएफ) , चीन की 16 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय छात्र फ़िल्म और विडियो समारोह, ( 22 से 29 अक्तूबर, 2017 )
- 14 वाँ ग्लोबल चीन विश्वविद्यालयों के छात्र की फ़िल्मों और टीवी समारोह, चीन ( 26 से 28 अक्तूबर, 2017 )
- क्योटो अन्तर्राष्ट्रीय छात्र फ़िल्म और विडियो समारोह , 2017 ( नवम्बर, 2017 )
- 2 रा एडिशन कश्मीर विश्व फ़िल्म समारोह, ( 1 से 5 नवम्बर, 2017 )
- 40 वाँ डेनवर फ़िल्म समारोह, यू.एस. (1 से 12 नवम्बर, 2017 )
- साउथ एशियन डॉक्यूमेंट्रीरी काठमाण्डू का 11 वाँ समारोह , नेपाल ( 2 से 5 नवम्बर, 2017)
- 15 वाँ एशियन अन्तर्राष्ट्रीय शॉर्ट फ़िल्म समारोह, कोरिया (2 से 7 नवम्बर, 2017 )
- स्वीट्जरलैण्ड का 21 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय कुर्ज़फ़िल्मटॅग विंटेर्थुर लघु फ़िल्म समारोह ( 7 से 12 नवम्बर, 2017 ).
- 20 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय बाल फ़िल्म समारोह द गोल्डन एलिफन्ट् , ( 8 से 14 नवम्बर, 2017 ).

- महिला फ़िल्म निर्माता के लिए इवरत 2017 अन्तर्राष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्रीरी पुरस्कार, फ़िलीपिन्स ( 9 से 12 नवम्बर, 2017 ).
- ऑर्ट ऑफ सिनेमाटोग्राफी का कॅमरइमेज 25 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, ब्यद्गोस्ज़्क्ज़, पोलेण्ड ( 11 से 18 नवम्बर,2017 )
- छठा थर्ड आय एशियन फ़िल्म समारोह , मुम्बई ( 14 से 21 नवम्बर, 2017 )
- 17 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह पिंटेरकिट,रूस ( 15 से 19 नवम्बर,2017 )
- 48 वाँ भारत का अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, गोवा ( 20 से 28 नवम्बर, 2017 )
- 10 वाँ कट इन छात्र फ़िल्म समारोह, मुम्बई ( दिसम्बर, 2017 )
- छठा कोल्हापुर अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह - 2017 कोल्हापुर ( दिसम्बर, 2017 )
- 40 वाँ पोईटीएर्स फ़िल्म समारोह , फ्रांस ( 1 से 8 दिसम्बर, 2018 )
- 15 वाँ कल्पनिर्झर अन्तर्राष्ट्रीय लघु कथा फ़िल्म समारोह 2017,कोलकाता( 1 से 5 दिसम्बर, 2017 )
- 21 वाँ सिनेमाइउविट अन्तर्राष्ट्रीय छात्र फ़िल्म समारोह ,रोमानिया(5 से 9 दिसम्बर, 2017 )
- 17 वाँ रिवर टू रिवर फ्लोरेंस भारतीय फ़िल्म समारोह, , इटली (7 से 12 दिसम्बर, 2017 )
- दिनांक 14 से 21 दिसम्बर, 2017 तक आयोजित छठा थर्ड आय एशियन फ़िल्म समारोह , मुम्बई
- छठा कोल्हापुर अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह , कोल्हापुर, दिसम्बर, 2017
- दिनांक 11 से 18 जनवरी, 2018 तक आयोजित 16 वाँ पुणे अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह
- दिनांक 28 जनवरी से 3 फरवरी, 2018 तक आयोजित डॉक्यूमेंट्रीरी , शॉर्ट और एनिमेशन फ़िल्म के लिए 15 वाँ मुम्बई अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह
- दिनांक 19 से 21 फरवरी, 2018 तक आयोजित चित्रा भारती फ़िल्म समारोह , सीरी फॉर्ट ऑडिटोरियम, दिल्ली
- दिनांक 23 से 24 फरवरी, 2018 तक आयोजित 7 वाँ राष्ट्रीय लघु फ़िल्म समारोह ( एनएसएफएफ ) , मीडिया एवं जनसंचार अभ्यास विभाग, सावित्रीबाई फुले पुणे विद्यापीठ
- दिनांक 15 से 25 फरवरी,2018 तक आयोजित लघु फ़िल्म समारोह के लिए 68 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्मफेस्टेसपिएले बर्लिन
- दिनांक 21 से 24 मार्च,2018 तक आयोजित 8 वें एडिशन का फोस्कारी लघु फ़िल्म समारोह, वेनिस, इटली

************

# भाफ़िटेसं फ़िल्म के लिए पुरस्कार

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **भारतीय :** | | |
| 1. | 2017 | कल्पवृक्ष | गैर फ़ीचर फ़िल्म श्रेणी में इलेक्ट्रॉनिक्स चलचित्रांकन के छात्र अल्पेश नागर को सर्वोत्तम चलचित्रांकन के लिए रजत कमल. 64 वाँ राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार 2016 में रजत कमल और रू. 50,000/ की नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। |
| 2. | | सीक एण्ड हाइड | छात्र कथा, उत्कृष्टता 2017 के लिए गोल्ड , 12 वाँ इडपा पुरस्कार,मुम्बई |
| 3. | | सदाबहार ब्रॉस ब्राण्ड | छात्र कथा, उत्कृष्टता 2017 के लिए सिल्वर, 12 वाँ इडपा पुरस्कार,मुम्बई |
| 4. | | कामाक्षी | उत्कृष्टता 2017 के लिए विशेष ज्यूरी उल्लेख, 12 वाँ इडपा पुरस्कार,मुम्बई |
| 5. | 2018 | सखीसोना | संगीत और मूर्तिकला के माध्यम से अतीत की समकालीन कहानी और किंवदंतियों के साथ ताने वाने के लिए के लिए 15 वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, 2018 में सर्वोत्तम लघु कथा पुरस्कार। |
| 6. | | बहार दुपारी | 7 वाँ डीएमसीएस राष्ट्रीय लघु फ़िल्म समारोह , 2018 में ज्यूरी चॉइस तथा सर्वोत्तम संपादन पुरस्कार |
| 7. | | दविता | 7 वाँ डीएमसीएस राष्ट्रीय लघु फ़िल्म समारोह , 2018 में सर्वोत्तम पटकथा लेखन पुरस्कार |
| 8. | | मूंगा | 7 वाँ डीएमसीएस राष्ट्रीय लघु फ़िल्म समारोह , 2018 में सर्वोत्तम ध्वनि संरचना पुरस्कार |
| 9. | | यान | 7 वाँ डीएमसीएस राष्ट्रीय लघु फ़िल्म समारोह , 2018 में सर्वोत्तम चलचित्रांकन पुरस्कार |
| 10. | | चाव | चित्रा भारती फ़िल्म समारोह में कैंम्पस (फ़िल्म स्कूल ) श्रेणी में सर्वोत्तम फ़िल्म |
| 11. | | बहार दुपारी | चित्रा भारती फ़िल्म समारोह में कैंम्पस (फ़िल्म स्कूल ) श्रेणी में सर्वोत्तम अभिनेता ( पुरूष ) |
| | **विदेशी :** | | |
| 12. | 2017 | आफ्टरनून क्लाउडस | दे सिने फ़िल्म मैड्रिड अन्तर्राष्ट्रीय समारोह,स्पेन के तीसरे एडिशन के आधिकारिक प्रतियोगिता ( ऑफिशयल कम्पटीशियन ) में विशेष उल्लेख |
| 13. | | आफ्टरनून क्लाउडस | 21 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय विडियो समारोह वीडियोमेडेजा, सेर्बिया, लुनार्टिस में आफ्टरनून क्लाउड्स को फ़िल्म निर्माण के दोनों क्षेत्रों तकनीक और कलात्माक गुणवत्तापूर्ण उपलब्धियों के द्वारा यर्थाथ सिनेमटिक कवितामय पूर्ण वातावरण, गति और ताल का निर्माण करने का उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए सर्वश्रेष्ठ ग्रेजुएट फ़िल्म पुरस्कार। |
| 14. | | अंधेरे में | लघु फ़िल्म के लिए विशेष उल्लेख : 16 वें एडिशन का इमेजिनइंडिया अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, 2017,मैड्रिड,स्पेन |

# प्रवेश

## प्रवेश - 2018

भाफ़िटेसं और सरेफ़िटेसं की संयुक्त प्रवेश परीक्षा ( जेईटी ) - दोनों संस्थानों के सदस्यों के साथ संयुक्त प्रवेश समिति गठित की गई । चार फ़िल्म स्कंध तीन वर्षीय पाठ्यक्रम ,चार टीवी स्कंध एक वर्षीय, द्वि वर्षीय अभिनय पाठ्यक्रम और एक वर्षीय फ़ीचर फ़िल्म पटकथा लेखन पाठ्यक्रम के लिए दिनांक 18 फरवरी, 2018 को दोनों भाफ़िटेसं और सरेफ़िटेसं के लिए लिखित परीक्षा संयुक्त रूप से आयोजित की गयी थी । लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर 430 उम्मीदवारों अभिविन्यास और साक्षात्कार के लिए चुना गया । अभिविन्यास और साक्षात्कार दिनांक 3 मई, 2018 से 16 जून, 2018 तक निश्चित किया गया ।

## प्रवेश - 2017

अकादमिक वर्ष 2017 के लिए प्रवेश सूचना दिनांक 29.01.2017 को सभी प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी । हमने वर्ष 2017 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया अपनायी । ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम दिनांक 05.03.2017 थी ।

वर्ष 2017 प्रवेश के लिए विज्ञापन के परिणामस्वरूप कुल 4846 आवेदन प्राप्त हुए थे । सभी उम्मीदवारों को दिनांक 26.03.2017 को भारत भर के 24 केंद्रों पर लिखित परीक्षा के लिए बुलाया गया था। लिखित परीक्षा के परिणामों के आधार पर, अभिविन्यास और / या साक्षात्कार के लिए 304 उम्मीदवारो की संक्षिप्त सूची तैयार की गयी । कुल 304 उम्मीदवारों की संक्षिप्त सूची में से नीचे दिये गये ब्यौरे के अनुसार 109 उम्मीदवारों को प्रवेश के लिए चुना गया ।

40 उम्मीदवारों को फ़िल्म में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका (निर्देशन और पटकथा लेखन, चलचित्रांकन, संपादन और ध्वनि मुद्रण और ध्वनि संरचना में विशेषज्ञता) के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए चुना गया था ।

39 उम्मीदवारों का टेलीविजन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में( निर्देशन, इलेक्ट्रॉनिक चलचित्रांकन, विडियो संपादन और ध्वनि मुद्रण और ध्वनि अभियांत्रिक ) में प्रवेश के लिए चुना गया था ।

08 उम्मीदवारों को कला निर्देशन और निर्माण संरचना में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चुना गया ।

10 उम्मीदवारों को अभिनय में दो वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए चुना गया ।

12 उम्मीदवारों को फ़ीचर फ़िल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए का चयन किया गया ।

**पाठ्यक्रम के क्रमानुसार बैच 2017 के छात्रों का ब्यौरा नीचे दिये गये है।**

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम का नाम | चुने गये उम्मीदवारों की संख्या |
|---|---|---|
| क | **फ़िल्म विशेषज्ञता में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम** | |
| 1 | निर्देशन और पटकथा लेखन | 10 |
| 2 | चलचित्रांकन | 10 |
| 3 | संपादन | 10 |
| 4 | ध्वनि मुद्रण और ध्वनि संरचना | 10 |
| ख टे | **टेलीविज़नविशेषज्ञता में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम** | |
| 1. | टीवी निर्देशन, | 09 |
| 2. | इलेक्ट्रॉनिक चलचित्रांकन | 10 |
| 3. | विडियो संपादन | 09 |
| 4. | ध्वनि मुद्रण और टीवी अभियांत्रिकी | 10 |
| ग | **कला निर्देशन और निर्माण संरचना में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम** | 08 |
| घ | **अभिनय में द्विवर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम** | 10 |
| ड | **फीचर फ़िल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम** | 12 |

उपर्युक्त फ़िल्म और टेलीविज़न स्कन्ध पाठ्यक्रम क्रमानुसार दिनांक 01.08.2017 तथा 31.08.2017 से प्रांरभ हुए।

## दिनांक 05.05.2018 तक निम्नलिखित छात्र रोल पर हैं :

| वर्ष/सत्र | प्रवेश का वर्ष | पाठ्यक्रम अनुसार छात्रों की संख्या | | | | कुल | सामान्य | अनु.जाति | अनु. जन | अ.पि.व | विदेश | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | निर्दे | चल | संपापा | ध्वनि | | | | | | पाठ्यक्रम | देश |
| | फ़िल्म विशेषज्ञता में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम | | | | | | | | | | | |
| द्वितीय सत्र | 2017 | 10 | 10 | 10 | 10 | 40 | 22 | 04 | 04 | 10 | 0 | 0 |
| चौथा सत्र | 2016 | 10 | 10 | 10 | 09 | 39 | 16 | 05 | 03 | 15 | 0 | 0 |
| तृतीय सत्र | 2013 | 12 | 11 | 10 | 11 | 44 | 23 | 06 | 04 | 11 | 0 | 0 |
| तृतीय सत्र | 2012 | 09 | 12 | 08 | 12 | 41 | 13 | 09 | 05 | 14 | 0 | 0 |

| सत्र | प्रवेश का वर्ष | छात्रा की संख्या | कुल | सामान्य | अनु.जाति | अनु.जन | अ.पि.व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अभिनय में द्विवर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम | | | | | | |
| द्वितीय सत्र | 2017 | 10 | 10 | 05 | 01 | 01 | 03 |
| चौथा सत्र | 2016 | 10 | 10 | 03 | 02 | 01 | 4 |
| | कला निर्देशन और निर्माण संरचना में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम | | | | | | |
| द्वितीय सत्र | 2017 | 08 | 08 | 04 | 02 | 00 | 02 |
| चौथा सत्र | 2016 | 08 | 08 | 02 | 2 | 0 | 4 |
| | फीचर फ़िल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम | | | | | | |
| द्वितीय सत्र | 2017 | 11 | 11 | 06 | 01 | 01 | 0 |

| प्रवेश का वर्ष | पाठ्यक्रम के अनुसार छात्रों की संख्या | | | | कुल | सामान्य | अनु.जाति | अनु.जन | अ.पि.व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | निर्दे दें | चल | संपा पा | ध्वनि | | | | | |
| टेलीविज़न विशेषज्ञता में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम | | | | | | | | | |
| 2017 | 09 | 10 | 09 | 10 | 38 | 16 | 06 | 04 | 12 |

# पाठ्यक्रम के क्रमानुसार दिनांक 31.03.2018 तक रोल पर कुल छात्रों की संख्या -

| बैच | तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम | अभिनय में द्विवर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम | कला निर्देशन और निर्माण संरचना में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम | टेलीविज़न विशेषज्ञता में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम | फीचर फ़िल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम | रोल पर कुल छात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2012 | 41 | - | - | - | - | 41 |
| 2013 | 44 | - | - | - | - | 44 |
| 2015-16 | 39 | 10 | 08 | - | - | 57 |
| 2017 | 40 | 10 | 08 | 38 | 11 | 107 |
| **कुल** | **164** | **20** | **16** | **38** | **11** | **249** |

**********

# टीवी स्कंध लघु पाठ्यक्रम

**लघु पाठ्यक्रम दिनांक 1.4.2017 से 31.3.2018 तक संचालित किया गया।**

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | बच्चों के लिए मूलभूत अभिनय कार्यशाला<br>• सुबह का बैच (7 से 10 वर्ष )<br>• दोपहर का बैच (11 से 14 वर्ष) | <br>15<br>12 | 13.5.2017 से 27.5.2017 |
| 2. | टेलीविज़न कथा लेखन पाठ्यक्रम | 15 | 3.7.2017 से 24.11.2017 |
| 3. | भा.सू.से के परीविक्षार्थियों के लिए मूलभूत टेलीविज़न निर्माण तकनीकी और फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | 15 | 10.7.2017 से 4.8.2017 |
| 4. | राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के छात्रों के लिए फ़िल्म रसास्वादन | 26 | 15.7.2017 से 24.7.2017 |
| 5. | विजुअल इफेक्ट और फिंनिशिंग में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | 10 | 18.9.2017 से 8.12.2017 |
| 6. | डिज़ीटल चलचित्रांकन में मूलभूत पाठ्यक्रम | 12 | 29.1.2017 से 10.2.2018 |
| 7. | टेलीविज़न कथा लेखन पाठ्यक्रम | 13 | 19.3.2018 से 31.3.2018 |

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ( पीएमकेवीवाय ) के अंतर्गत दिनांक 1.4.2017 - 31.3.2018 तक अल्पावधि पाठ्यक्रम संचालित किये गये।**

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | डिज़िटल विडियो संपादन में मूलभूत पाठ्यक्रम | 10 | 9.10.2017 से 2.11.2017 |
| 2. | डिज़िटल विडियो संपादन में मूलभूत पाठ्यक्रम | 10 | 8.11.2017 से 1.12.2017 |

*******

# पूरे भारत में वर्ष भर आयोजित स्क्रिफ्ट पाठ्यक्रम

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम का नाम | स्थान | दिनांक | प्रतिभागी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पटकथा लेखन में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | मुम्बई | 03 से 30 मई , 17 | 16 |
| 2 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | मुम्बई | 03 से 30 मई , 17 | 10 |
| 3 | अभिनय में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | मुम्बई | 03 से 30 मई , 17 | 24 |
| 4 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | नई दिल्ली | 11 से 14 मई, 17 | 156 |
| 5 | पटकथा लेखन में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | नई दिल्ली | 11 से 30 जून, 17 | 25 |
| 6 | अभिनय में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | नई दिल्ली | 11 से 30 जून, 17 | 30 |
| 7 | बच्चों के लिए मूलभूत अभिनय कार्यशाला | नई दिल्ली | 15 से 30 जून, 17 | 22 |
| 8 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | नई दिल्ली | 23 से 26 जून, 17 | 138 |
| 9 | डिज़िटल चलचित्रांकन में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | पोर्ट ब्लेयर | 12 जुलाई से 03 अगस्त, 17 | 24 |
| 10 | बच्चों के लिए मूलभूत अभिनय कार्यशाला | पोर्ट ब्लेयर | 19 जुलाई से 02 अगस्त, 17 | 28 |
| 11 | पटकथा लेखन में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | नई दिल्ली | 21 जुलाई से 12 अगस्त, 17 | 24 |
| 12 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | श्रीनगर( उत्तराखण्ड) | 24 से 28 जुलाई, 17 | 100 |
| 13 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | जयपुर | 26 से 30 जुलाई, 17 | 122 |
| 14 | बच्चों के लिए फ़िल्म अभिविन्यास पाठ्यक्रम | पोर्ट ब्लेयर | 29 जुलाई से 02 अगस्त, 17 | 150 |
| 15 | डिज़िटल चलचित्रांकन में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | मुम्बई | 17 अगस्त से 08 सितम्बर, 17 | 24 |
| 16 | पटकथा लेखन में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | मुम्बई | 17 अगस्त से 08 सितम्बर, 17 | 22 |
| 17 | अभिनय में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | मुम्बई | 17 अगस्त से 08 सितम्बर, 17 | 24 |
| 18 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | हरिद्वार | 23 से 27 अगस्त, 17 | 100 |
| 19 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | गुवाहाटी | 15 से 17 सितम्बर, 17 | 60 |
| 20 | डिज़िटल चलचित्रांकन में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | लेह | 04 से 27 अक्तूबर, 17 | 16 |
| 21 | बच्चों के लिए फ़िल्म अभिविन्यास पाठ्यक्रम | पुणे | 10 से 16 अक्तूबर, 17 | 10 |
| 22 | बच्चों के लिए मूलभूत अभिनय कार्यशाला | पुणे | 13 से 28 अक्तूबर, 17 | 23 |
| 23 | बच्चों के लिए फ़िल्म अभिविन्यास पाठ्यक्रम | पुणे | 23 से 29 अक्तूबर, 17 | 13 |
| 24 | साप्ताहंत फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | नई दिल्ली | 28 अक्तूबर से 26 नवम्बर, 17 | 172 |
| 25 | साप्ताहंत फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | नई दिल्ली | 28 अक्तूबर से 26 नवम्बर, 17 | 120 |
| 26 | साप्ताहंत स्क्रीन अभिनय पाठ्यक्रम | पुणे | 04 नवम्बर से 14 जनवरी, 18 | 12 |
| 27 | टेलीविजन के लिए कथा लेखन | नई दिल्ली | 07 से 29 नवम्बर, 17 | 22 |
| 28 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | श्रीनगर( ज.तथा क ) | 09 से 13 नवम्बर, 17 | 139 |
| 29 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | एसजीटी विश्वविद्यालय | 13 से 17 नवम्बर, 17 | 100 |
| 30 | आईडब्ल्यूपीसी ( महिला प्रेस ) के लिए फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | एफडी नई दिल्ली | 01 तथा 02 दिसम्बर, 17 | 60 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 31 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | आईआईटी, मुम्बई | 05 से 11 दिसम्बर, 17 | 53 |
| 32 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | अहमदबाद विश्वविद्यालय | 13 से 23 दिसम्बर, 17 | 45 |
| 33 | पटकथा लेखन में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | नई दिल्ली | 16 दिसम्बर से 07 जनवरी 18 | 25 |
| 34 | बच्चों के लिए फ़िल्म अभिविन्यास पाठ्यक्रम | पटना | 22 से 28 दिसम्बर, 17 | 50 |
| 35 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | नागपुर | 26 से 30 दिसम्बर, 17 | 68 |
| 36 | साप्ताहंत पटकथा लेखन | पुणे | 06 जनवरी से 11 मार्च, 18 | 12 |
| 37 | डिज़िटल चलचित्रांकन में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | नई दिल्ली | 01 से 23 फरवरी, 18 | 24 |
| 38 | अभिनय में प्रांरभिक पाठ्यक्रम | नई दिल्ली | 01 से 23 फरवरी, 18 | 24 |
| 39 | बच्चों के लिए अभिनय कार्यशाला | रूद्रप्रयाग | 02 से 10 फरवरी, 18 | 25 |
| 40 | बच्चों के लिए फ़िल्म अभिविन्यास पाठ्यक्रम | रूद्रप्रयाग | 02 से 10 फरवरी, 18 | 25 |
| 41 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | अमरावती | 08 से 12 फरवरी, 18 | 52 |
| 42 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | भुवनेश्वर | 14 से 20 फरवरी, 18 | 95 |
| 43 | फ़िल्म रसास्वादन , यशदा | यशदा | 17 फरवरी, 18 | 21 |
| 44 | फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम | आईआईटी, रूड़की | 25 फरवरी से 01 मार्च, 18 | 110 |
| 45 | डिज़िटल फ़िल्म निर्माण पाठ्यक्रम | श्रीनगर | 27 मार्च से 25 अप्रैल, 18 | 15 |
| | | | **कुल** | **2430** |

***********

## फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम

- 42 वें फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम दिनांक 8 मई से 3 जून, 2017 तक आयोजित किया गया था। भारत और विदेशों से पाठ्यक्रम के लिए लगभग 86 प्रतिभागी सम्मलित हुए। चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, ओडिशा, तमिलनाडू और तेलंगाणा से 34 महिला प्रतिभागी थे। श्रीलंका से एक विदेशी प्रतिभागी ने भी भाग लिया।
- दिनांक 12 मई,2017 को भाफ़िटेसं में अपनी भेंट के दौरान , सूचना और प्रसारण मंत्रालय के माननीय राज्यमंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आग्रहपूर्वक कहा था कि उन सभी लोगों के लिए गुणवत्ता और लाभप्रद सिनेमा सुलभ होना चाहिए , जो इसमें रूचि रखते हैं। भाफ़िटेसं में आयोजित किये जा रहे अल्पावधि पाठ्यक्रम, गुणवत्तापूर्ण सिनेमा साक्षरता कैम्पस के बाहर के आम सामान्य लोगों तक पहुँचाने का प्रयास है।
- 42 वें फ़िफ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम के छात्रों से वैचारिक अदान - प्रदान करते समय माननीय राज्यमंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा था कि जब कोई व्यक्ति कोई काम लगन के साथ करता है तो परिणाम साधारण नहीं होता, बल्कि अनुकरणीय हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को फ़िल्म रसास्वादन की बेहतर बारिकियों को समझने में सक्षम करेगा।

## छात्र विनिमय कार्यक्रम

- ग्रिफिथ विश्वविद्यालय छात्र विनिमय - ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी, ब्रिस्बेन - ऑस्ट्रेलिया ने दिनांक 12 से 20 फरवरी ,2018 तक की अवधि में 12 छात्रों और 2 प्राध्यापकों को विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत भाफ़िटेसं में भेजा। इस विनिमय कार्यक्रम में ग्रिफिथ विश्वविद्यालय के छात्रों और भाफ़िटेसं के छात्रों द्वारा महाराष्ट्र के ग्रामीण भागों में शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री निर्माण को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। स्थानीय मुद्दों पर अनुसंधान और डॉक्यूमेंट्री निर्माण के लिए छात्रों को चार समूहों में विभाजित किया गया और चार अलग-अलग स्थान पर भेजा गया था। समूहों और संकाय सदस्यों में एक संयुक्त स्क्रीनिंग और वैचारिक आदान - प्रदान ( इंटरैक्टिव ) सत्र आयोजित किया गया था।
- **ला फेमिस, पेरिस** - के चार महिला छात्राओं को दिनांक 4 से 29 जनवरी, 2017 से विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत भाफ़िटेसं में भेजा था। इन छात्राओं ने छात्राओं फ़िल्म प्रोजेक्टों पर भाफ़िटेसं के कला निर्देशन विभाग के साथ कार्य किया।
- **अंतर्राष्ट्रीय फिल्म स्कूल, कोलोन - भाफ़िटेसं ने ध्वनि संरचना के दो छात्रों को, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म स्कूल, कोलोन-जर्मनी भेजा गया।** चार सप्ताहों की अवधि (4 से 28 फरवरी 2018) के विनिमय कार्यक्रम ने भाफ़िटेसं के छात्रों को जर्मन फ़िल्म स्कूलों में फ़िल्म निर्माण से अवगत कराया और जर्मनी में प्रयोग में लाई जाने वाली ध्वनि संरचना तकनीक से अवगत कराया।

# अध्याय - II अवलोकन

## प्रशासन

## परिचय

भाफ़िटेसं फ़िल्म निर्माण और टेलीविज़न निर्मित की कला और तकनीक में शिक्षा की आपूर्ति करता है। यह प्रोजेक्शन और स्क्रीन , एक्सेसरीज़ के साथ सिनेमा प्रोसेसर सऊउंड सिस्टम, लोकेशन साऊंड रिकॉर्डर, साऊंड डिवाइसेस इत्यादि के साथ नवीनतम डिजिटल और प्रसारण ग्रेड निर्माण सेट-अप से सुसज्जित है ,उन्हें सिखाया जाता है जो छात्रों को फ़िल्म और टेलीविज़न की उत्कृष्ट समझ उपलब्ध करवाते हैं।

## प्रतिनियुक्तियाँ  प्रतिनिधि

वर्ष 2017 - 2018 के दौरान भाफ़िटेसं के निम्नलिखित आधिकारी प्रतिनियुक्तियाँ पर थे।

- श्री वरूण भारद्वाज, कुलसचिव, भाफ़िटेसं , दिनांक 22 से 26 अक्तूबर, 2017 तक बीजिंग फ़िल्म अकादमी ( आईएसएफबीएफ) , चीन के 16 वें अन्तर्राष्ट्रीय छात्र फ़िल्म और विडियो समारोह  में उपस्थित रहें।
- श्री भूपेन्द्र कन्थोला, निदेशक , भाफ़िटेसं और श्री मिलिंद दामले, सहायक प्राध्यापक ईटीवी फ़िल्म निर्माण, भाफ़िटेसं ने दिनांक 22 अक्तूबर से 29 अक्तूबर, 2017 तक ज़ुरिक यूनवर्सिटी ऑफ द आर्ट , सिलेक्ट कांग्रेस 2017 में उपस्थित रहें।

# अतिथि व्याख्याता / कार्यशाला / सेमिनार /मास्टर क्लासेस

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, भाफ़िटेसं में बहुत से अतिथि व्याख्याताओं के द्वारा विभिन्न विषयों पर कार्यशालओं/ सेमिनारों / मास्टर क्लासों का संचालन किया गया।

# नियुक्तियाँ/ सेवानिवृत्तियाँ

रिपोर्टाधीन वर्ष 2017- 18, के दौरान विभिन्न श्रेणियों के कुल 17 कर्मचारी संस्थान की सेवा से सेवानिवृत्त हुए।

**31.03.2018 को भाफ़्टिसं के अनु.जाति / अनु.जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग की संख्या सहित कुल स्टाफ की संख्या दर्शानेवाली तालिका**

| श्रेणी | स्वीकृत पद | कुल कार्यरत स्टाफ | कुल स्टाफ में अनु.जाति के कर्मचारियों की संख्या | कुल स्टाफ में अनु.जनजाति के कर्मचारियों की संख्या | कुल स्टाफ में अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 'क' वर्ग | 66 | 33 | 6 | 2 | 2 |
| 'ख' वर्ग | 51 | 29 | 7 | 2 | 1 |
| 'ग' वर्ग | 196 | 92 | 26 | 9 | 7 |
| **कुल** | 313 | 154 | 39 | 13 | 10 |

## बैठकें

रिपोर्टाधीन वर्ष की अवधि के दौरान संस्थान की विभिन्न समितियों की निम्नलिखित बैठकें आयोजित की गयी :

| क्र.सं. | समिति का नाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | शासी परिषद | 22.06.2017, 10.10.2017 |
| 2. | भाफ़्फ़िटेसं सोसायटी | 22.06.2017, 10.10.2017 |
| 3. | स्थायी वित्त समिति | 22.6.2017, 10.10.2017 |
| 4. | शैक्षिक परिषद | 16.5.2017, 19.9.2017 |

* * * * * *

# बजट

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा स्वीकृत अनुदान के माध्यम से संस्थान को पूर्णत: वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। संस्थान को राजस्व की भी प्राप्ति होती है।

# पुस्तकालय पुस्तकें

224 पुस्तकें के अतिरिक्त फ़िल्म, टेलीविज़न और कला के विभिन्न पहलुओं से संबंधित दुर्लभ पुस्तकों सहित पुस्तकालय में कुल 30,983 पुस्तकों का संग्रह हो गया है । पुस्तकालय **9** भारतीय तथा **10** विदेशी पत्रिकाओं का ग्राहक है। पुस्तकालय को 16 पत्रिकाओं की मानार्थ प्रतियाँ प्राप्त हुई। पाठकों के लिए फोटो कॉपी सुविधा उपलब्ध है। पुस्तकालय सेवा सभी छात्र, स्टाफ सदस्य, लघु पाठ्यक्रम प्रतिभागियों और संदर्भ उद्देश्य के लिए बाह्य शोधार्थियों को सेवा उपलब्ध करायी जाती है।

# वीडियो लायब्रेरी

विडियो लायब्रेरी में भारतीय और विदेशी फीचरों की वी.एच.एस., यू-मॅटिक, डीवी कॅम और बीटा कॅम कॅसटेस् और डीवीडीज लघु फ़िल्में, वृत्तचित्र और छात्रों की फ़िल्में, छात्रों द्वारा तथा टीवी प्रशिक्षार्थियों द्वारा निर्मित टीवी कार्यक्रम, वीडियो वृत्तचित्र आदि का संग्रह है। वीडियो लायब्रेरी में दृक श्रव्य सामग्री भी उपलब्ध है, जैसे डिस्क, रिकार्डस, वीडियो कैसेट्स और डीवीडीस/ वीसीडीस , डीवीसीएएम-560,एचडीवी - 248,डीवीटी-58,बीटी-1018,वीएचएस-725, युएमटी-2004,मिनीडीवी-690, मास्टर डीवीडी - 1348 !

ये टेप छात्रों के लिए फ़िल्मों की विषय वस्तु के विकास एवं निर्माण तकनीक को गहराई से समझने और संपादन मेज पर फ़िल्म के अंशों को जोड़ने के अवलोकन में काफी सहायता प्रदान करती हैं।

# कम्प्यूटरीकरण

मल्टीमीडिया विभाग कैम्पस में छात्रों को इंटरनेट का उपयोग प्रदान करने के लिए कम्प्यूटर प्रयोगशाला की सुविधा उपलब्ध करवाता है। साथ ही प्रत्येक विभाग और छात्रों को मेल, आई डी, सर्वर और डाटा स्टोरेज सुविधा, सुरक्षित लॉगिन उपलब्ध करवाई गयी है। मल्टीमीडिया विभाग, लड़कों के छात्रावास, लड़कियों के छात्रावास, न्यू होस्टल को भी नेटवर्क और लैन कनेक्शन प्रदान करता है।

# राजभाषा हिन्दी

संस्थान में एक अलग हिन्दी कक्ष भी है जो राजभाषा कार्यान्वयन की देखरेख करता है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान हिन्दी कक्ष ने प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी के प्रयोग के साथ-साथ, संस्थान की फ़िल्म और टीवी स्कन्ध की शैक्षिक गतिविधियों में हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षण किया। इन के अतिरिक्त हिन्दी कक्ष ने विविध प्रशासनिक अधिसूचनाओं और अन्य नेमी पत्राचार का हिन्दी में अनुवाद करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

हिंदी दिवस / हिंदी पखवाड़ा का उद् घाटन 14 सितंबर, 2017 को श्री भूपेन्द्र कन्थोला, निदेशक , भाफ़िटेसं द्वारा किया गया। हिंदी पखवाड़े के दौरान, संस्थान में कर्मचारियों / अधिकारियों और छात्रों के लिए विविध कार्यक्रम / गतिविधि/प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया , जैसे कि कविता पाठ प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नमंच प्रतियोगिता , चित्रवर्णन प्रतियोगिता तथा हिंदी फ़िल्म स्क्रीनिंग आदि ।

दिनांक 23 फरवरी , 2018 को डॉ. सत्यनारायण जटिया की अध्यक्षता में संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान में किये जाने कार्य का निरीक्षण किया गया। निदेशक श्री भूपेन्द्र कैन्थोला , संकायाध्यक्ष फ़िल्म श्री अमित त्यागी , संकायाध्यक्ष टीवी श्री आर. एन. पाठक , कुलसचिव श्री वरूण भारद्वाज , सहायक निदेशक राजभाषा डॉ. अर्चना गौतम बैठक उपस्थित रहें। बैठक में संस्थान के प्रशासनिक तथा शैक्षिक कार्यो में प्रयोग की जानेवाली राजभाषा हिन्दी की समीक्षा की गयी। बैठक में समिति के अध्यक्ष द्वारा संस्थान में राजभाषा हिन्दी में किये जा रहे कुछ कार्यों की सराहना की गयी और संस्थान में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के संदर्भ में सुझाव भी दिये गये, जिनका संस्थान द्वारा अनुपालन किया जा रहा है।

संस्थान में एक अलग हिन्दी कक्ष भी है जो राजभाषा कार्यान्वयन की देखरेख करता है। वर्ष के दौरान हिन्दी कक्ष ने प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी के प्रयोग के साथ-साथ, संस्थान के फ़िल्म और टीवी स्कन्ध की शैक्षिक गतिविधियों में हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षण किया। इन के अतिरिक्त हिन्दी कक्ष ने विविध प्रशासनिक अधिसूचनाओं और अन्य नेमी पत्राचार का हिन्दी में अनुवाद करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

हिन्दी पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के निर्णायकों तथा संचालकों के रूप में संस्थान के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने अपना-अपना सहयोग प्रदान किया।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान , हिंदी कक्ष ने निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया :

- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 4 बैठकें आयोजित की।
- कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए हिंदी प्रशिक्षण जैसे आशुलेखन/ टंकण परीक्षा /प्रबोध परीक्षा।
- यूनीकोड की सहायता से कम्प्यूटर पर हिंदी में कार्य करने की जानकारी , समस्याएँ और समाधान , प्रशासनिक कार्य में राजभाषा का प्रयोग, नोटिंग और ड्राफ्टिंग के बारे में जानकारी और अभ्यास पर हिंदी कार्यशाला आयोजित की।

## शिकायत सेल

शिकायत निवारण तंत्र और सूचना सुविधा केंद्र की स्थापना की गयी है। भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान ( भाफिटेसं ) के कुलसचिव, लोक शिकायत निवारण तंत्र (सीपीजीआरएएम) का नोडल अधिकारी है।

## सिटिंजन चार्टर

भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान ( भाफिटेसं ) का नागरिक चार्टर संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है और इसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है।

## दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी )

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान ( भाफ़िटेसं ) में पीडब्ल्यूडी की नियुक्तियों के लिए नियमों और विनियमों का पालन किया जा रहा है।

****************

# रेडियो एफटीआयआय

रेडियो एफटीआयआय 9 0.4 साल के दौरान सभी 365 दिनों के लिए कार्यरत था, जिसका प्रसारण सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। विभिन्न समुदाय सदस्यों द्वारा सक्रिय भागीदारी के साथ प्रासंगिक विषयों और समुदाय की जरूरतों के आधार पर सामग्री निर्माण के नेमी कार्यों के अलावा, हमने निम्नलिखित आउटरीच गतिविधियों या सहयोगी कार्यशालाओं / संगोष्ठियों आदि में आयोजित की अथवा भाग लिया।

**रेडियो एफटीआयआय द्वारा निम्नलिखित आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**

• दिनांक 18 अप्रैल को कार्यक्रम मुक्तांगण विज्ञान शोधिका, पुणे में आयोजित ' वर्ल्ड हैम रेडियो डे ' के कार्यक्रम में श्री संजय चांदेकर और प्रोफेसर अश्विन सोनोन सहभागी हुए। संजय चांदेकर ने 'एचएएम रेडियो के साथ एसोसिएटिंग कम्युनिटी रेडियो' पर एक प्रस्तुति प्रस्तुत की ।

• रेडियो एफटीआयआय ने मराठी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष के आमंत्रण पर दिनांक 13 से 15 अप्रैल तक पुणे के पास आळंदी में आयोजित पसायदान साहित्य सम्मेलन को कवर किया।

• कथांतर - दिनांक 24 मार्च को - मेन थिएटर में एक कहानी वाचन कार्यक्रम की आयोजन किया गया। जिसमें मानव संबंधों पर समकालीन कहानियां प्रस्तुत की गई थी।

• दिनांक 22 मार्च - पुणे महानगर पालिका के इंद्रधनुष्य पर्यावरण केंद्र में रेडियो एफटीआई द्वारा विश्व जल दिवस के इस विषय पर कुछ विशेषज्ञों को आमंत्रित करके और दर्शकों को समुदाय रेडियो कार्य करने के बारे में जानकारी देकर मनाया गया।

• दिनांक 16 से 18 फरवरी तक वडोदरा मराठी साहित्य सम्मेलन को आधिकारिक तौर पर रेडियो एफटीआई द्वारा कवर किया गया था।

• दिनांक 13 फरवरी - रेडियो एफटीआयआय की 11 वीं वर्षगांठ और विश्व रेडियो दिवस समारोह। लगभग 80 समुदाय सदस्यों ने ' मेरे मस्तिष्क में रेडिया ' ( ए रेडियो इन माय माइड ) विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में सहभागियों के रूप में 30 प्रतिभागियों सहित एक इंटरैक्टिव श्रोताओं के रूप में भाग लिया। यह एक पूरे दिन का कार्यक्रम था।

• दिनांक 13 और 15 फरवरी को यूनेस्को द्वारा एक भाग धारकों की बैठक आयोजित की गई और आईएडब्लूआरटी द्वारा ' वर्ल्ड रेडियो डे ' समारोह आयोजित किया गया। जिसमें श्री संजय चांदेकर सहभागी हुए।

• मैसर्स आयडिओसिनेक मीडिया कम्बाइन की मीडियास्केपस पहल के तहत एक भाग धारक कार्यशाला को दिनांक 12 से 14 दिसंबर को महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान ( एमजीआइआरआइ ), वर्धा में सहयोगी प्रस्तावों के लिए बुलाया गया था, जिसमें श्री संजय चांदेकर और सुश्री सोनल ईनामदार ने भाग लिया था। कार्यशाला पारिस्थितिकीय, पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर अन्य सामुदायिक रेडियो के सहयोग से रेडियो कार्यक्रमों को विकसित करना विषय पर आधारित थी।

• दिनांक 26 और 27 अक्तूबर , 2017 को मानव संसधान विकास मंत्रालय, वर्धा के अन्तर्गत महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान (एमजीआइआरआइ) में " सामुदायिक रेडियो में आधुनिक प्रौद्योगिकी के अनुकूलन "(एसएएमटीसीआर) पर 2 दिनों की राज्य स्तरीय संगोष्ठी में रेडियो एफटीआयआय को आमंत्रित किया गया था। उसी के अनुसरण में श्री संजय चांदेकर ने उसमें उपस्थित रहें।

• दिनांक 28 अप्रैल से 2 मई तक रेडियो गणित प्री-प्रोजेक्ट गतिविधि के अन्तर्गत लगभग 1200 परिवारों के सर्वेक्षण की एक प्रमुख गतिविधि आयोजित की गई। इस प्रोजेक्ट के लिए एक कार्यक्रम प्रबंधन समिति की बैठक दिनांक 3 मई को आयोजित की गई थी। दिनांक 11 से 17 मई, 2017 तक रेडियो एफटीआयआय में आंरभिक स्तर के युवाओं के लिए 7 दिनों की कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें लगभग 15 युवा सदस्यों ने भाग लिया।

*************************

# वित्त

## अनुबंध - I

( I ) वित्तीय वर्ष **2016 - 2017** के दौरान योजना और गैर - योजना के अन्तर्गत संस्थान के द्वारा किया गया प्रत्यक्ष व्यय निम्नानुसार है :-

| क्र. सं | विवरण | स्वीकृत बजट अनुदान 2016-2017 | संशोधित परिव्यय 2016-2017 | अन्तिमतः अनुदान 2016-2017 | प्रत्यक्ष व्यय 2016-2017 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गैर योजना | 2466.00 | 2354.00 | 2354.00 | *2427.61 |
| 2 | योजना | 2000.00 | 1900.00 | 1900.00 | **1900.00 |
| 2 (क) | योजना-मानव संसाधन विकास योजना | 45.00 | 22.35 | 22.35 | 22.35 |
| | **कुल :** | **4511.00** | **4276.35** | **4276.35** | **4349.96** |

* प्राप्त राजस्व से अतिरिक्त व्यय किया गया।

** **योजना-मानव संसाधन विकास योजना के अन्तर्गत अंतिमतः अनुदान 1922.35/- लाख का पूर्णतः उपयोग किया गया।**

**वित्तीय वर्ष** 2017- 2018 **के लिए स्वीकृत बजट अनुदान तथा योजना और गैर योजना के अन्तर्गत दिनांक** 31.03.2018 **तक किया** प्रत्यक्ष व्यय निम्नानुसार है :-

| क्र.सं | विवरण | स्वीकृत बजट अनुदान 2017 - 2018 | संशोधित परिव्यय 2017 -2018 | अन्तिमतः अनुदान 2017 - 2018 | प्रत्यक्ष व्यय 2017 - 2018 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गैर योजना | 2922.10 | 2921.30 | 2921.30 | 3163.79 |
| 2 | योजना | 1800.00 | 1800.00 | 1759.00 | 1759.00 |
| 2 (क) | योजना-मानव संसाधन विकास योजना | 45.00 | 22.00 | 22.00 | 22.34 |
| | **कुल :** | **4767.10** | **4743.30** | **4702.30** | **4945.13** |

** प्राप्त राजस्व से अतिरिक्त व्यय किया गया।

गत तीन वर्षों के स्वीकृत बजट अनुदान और प्रत्यक्ष व्यय अनुबंध - II में में दिये गये हैं।

योजनाओं , परियोजनाओं , कार्यक्रमों , निर्धारित लक्ष्यों, उपलब्धियों तथा त्रुटि यदि कोई हो तो, कारणों सहित उसका विस्तृत विवरण दर्शाने वाली तालिका अनुबंध - III में दी गयी हैं।

# अनुबंध - II

वर्ष 2017 - 2018 से पहले के तीन वर्षों का संशोधित परिव्यय, अन्तिम अनुदान तथा प्रत्यक्ष व्यय का विवरण दर्शानेवाली तालिका।

2014-2015

| क्र. सं | विवरण | स्वीकृत बजट अनुदान 2014 - 2015 | संशोधित परिव्यय 2014 -2015 | अन्तिमतः अनुदान 2014 - 2015 | प्रत्यक्ष व्यय 2014 - 2015 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गैर योजना | 2101.00 | 2044.00 | 2044.00 | ^2291.59 |
| 2 | योजना | 2500.00 | 1900.00 | 1900.00 | ^^1900.00 |
| 2 (क) | योजना-मानव संसाधन विकास योजना | 55.00 | 45.00 | 45.00 | ^^45.00 |
| | कुल : | **4656.00** | **3989.00** | **3989.00** | **4236.59** |

2015-2016

| क्र. सं | विवरण | स्वीकृत बजट अनुदान 2015 - 2016 | संशोधित परिव्यय 2015 -2016 | अन्तिमतः अनुदान 2015- 2016 | प्रत्यक्ष व्यय 2015 - 2016 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गैर योजना | 2206.00 | 2158.00 | 2158.00 | $2429.10 |
| 2 | योजना | 1800.00 | 1750.00 | 1750.00 | $$1750.00 |
| 2 (क) | योजना-मानव संसाधन विकास योजना | 55.00 | 45.00 | 45.00 | 45.00 |
| | कुल : | **4061.00** | **3953.00** | **3953.00** | **4224.10** |

2016-2017

| क्र.सं | विवरण | स्वीकृत बजट अनुदान 2016 - 2017 | संशोधित परिव्यय 2016 -2017 | अन्तिमतः अनुदान 2016 - 2017 | प्रत्यक्ष व्यय 2016 - 2017 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गैर योजना | 2466.00 | 2354.00 | 2354.00 | **2427.61 |
| 2 | योजना | 2000.00 | 1900.00 | 1900.00 | *1900.00 |
| 2 (क) | योजना - मानव संसाधन विकास योजना | 45.00 | 22.35 | 22.35 | 22.35 |
| | कुल : | **4511.00** | **4276.35** | **4276.35** | **4349.96** |

^^ ( 2014 - 2015) प्राप्त राजस्व से अतिरिक्त व्यय किया गया।

^ ( 2014-2015) **योजना के अन्तर्गत अंतिमतः अनुदान रू. 1945 /- लाख का पूर्णतः उपयोग किया गया।**

$$ ( 2015 - 16 ) प्राप्त राजस्व से अतिरिक्त व्यय किया गया।

$ ( 2015 - 16 ) **योजना के अन्तर्गत अंतिमतः अनुदान रू. 1795 /- लाख का पूर्णतः उपयोग किया गया।**

** ( 2013 - 2014 ) प्राप्त राजस्व से अतिरिक्त व्यय किया गया।

* ( 2016 - 2017) **योजना के अन्तर्गत अंतिमतः अनुदान रू.** 1922.35 /- **लाख का पूर्णतः उपयोग किया गया।**

# अनुबंध - III

**2017 - 2018 के दौरान योजनाएं / प्रकल्प / कार्यक्रम , निर्धारित लक्ष्य, उपलब्धियों और त्रुटि ( यदि कोई ) हो तो कारणों सहित संपूर्ण जानकारी दर्शानेवाली तालिका**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

*****************